हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 5 नवंबर 2025


06 एसआईआर कार्य निर्वाचन की तरह ही महत्वपूर्ण,...



09 डेसिबल मीटर से प्रेशर हॉर्न/अवैध हूटर्स पर...






## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पांच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पांच हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसी प्रकार जिन किसानों की भूमि पाँच एकड़ या उससे अधिक है, उनसे प्रति घटना पंद्रह हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नरवाई न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करें और नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी करें, ताकि कोई भी व्यक्ति खेतों में नरवाई न जलाए।

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

## कॉलेज में फर्जीवाड़ा, आरटीआई से हुआ खुलासा, एक साल बाद भी खिलाड़ियों को ड्रेस मिली न खेल भत्ता

# गड़बड़ी : विद्युत मरम्मत और सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण के नाम पर निकाली हजारों की राशि

विभिन्न अनियमितताओं और गड़बड़ी के चलते अक्सर सुर्खियों में रहने वाला नगर का सरकारी महाविद्यालय एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर में संचालित एक मात्र सरकारी महाविद्यालय में एक बार फिर गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताएं किएं जाने के मामलें प्रकाश में आए हैं। यहां विद्युत मरम्मत और सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण के नाम पर हजारों रुपए के बिल बाउंचर लगाकर राशि निकाली गई जबकि धरातल पर ना तो विद्युत मरम्मत व रिपेयरिंग कार्य कराया गया और ना ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इतना ही नहीं एक साल पहले सीहोर सहित अन्य शहर में आयोजित बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने गई टीम के खिलाड़ियों को अभी तक ड्रेस और यात्रा भत्ते का भुगतान भी नहीं किया गया है। जबकि हैरानी की बात यह है कि खेल प्रभारी द्वारा पहले ही ड्रेस व भत्ते के बिल बाउंचर लगाकर राशि आहरण की जा चुकी है। मामलों का खुलासा हालही में आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी से हुआ है। मामले का खुलासा होने के बाद से प्रबंधन इस पर पर्दा डालने में जुट गया है।

विभिन्न अनियमितताओं और गड़बड़ी के चलते अक्सर सुर्खियों में रहने वाला नगर का सरकारी महाविद्यालय एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल इस बार कॉलेज प्रबंधन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लग





रहे है। सूचना का अधिकार अधिनियम ( आरटीआई ) के तहत प्राप्त की गई जानकारी में इसका खुलासा हुआ है। दरअसल प्रबंधन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 माह अक्टूबर में कॉलेज में आंतरिक व बाह्य परिसर में सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण एवं विद्युत मरम्मत के नाम पर करीब 23 हजार रुपए की राशि निकाली गई, जबकि भवन में किसी भी तरह का विद्युत रिपेयरिंग कार्य नहीं कराया गया और ना ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कहना है कि महाविद्यालय में लंबे समय से विद्युत बोर्ड टूटे-फूटे पड़े हैं। अधिकांश कमरों में पंखे भी खराब पड़े हैं। इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरों की मॉनीटरिंग के लिए प्राचार्य कक्ष में जो कम्प्यूटर सिस्टम लगा है वह भी महीनों से बंद है। ऐसे में महाविद्यालय व परिसर में असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है।

### जो किट दी गई थी वह भी वापस ले ली गई

पिछले वर्ष सीहोर व डोबी में आयोजित बैडमिंटन व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज की टीमों ने भाग लिया था। लेकिन एक वर्ष से अधिक समय गुजरने के बावजूद उक्त टीम की खिलाड़ियों को ड्रेस मिली और न ही यात्रा भत्ता दिया गया है। जबकि खेल प्रभारी कलावती गड़रिया के बैंक खाते में करीब 21 हजार रूपए राशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024 माह नवम्बर में हो चुका है। इस संबंध में खिलाड़ी बिंदु प्रजापति, खुशी ठाकुर , आरती , सलोनी ठाकुर ने बताया कि एक साल पहले बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने गई थी, लेकिन हमें न तो ड्रेस दी गई और न ही अभी तक यात्रा भत्ता दिया गया है। उस समय हमें जो किट दी गई थी वह भी हमसे वापस ले ली गई। यात्रा भत्ता के संबंध में कई बार खेल प्रभारी मैडम से पूछा गया लेकिन वह हर बार आश्वासन देती रही। मगर भत्ता अभी तक नहीं दिया गया है।

### किया जाएगा आंदोलन



कॉलेज में अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुझे छात्र -छात्राओं की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है । मेरे द्वारा हालही में आईटीआई के माध्यम से कुछ जानकारी ली गई ,जिसमें भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुएं है। इसको लेकर जल्दी ही कलेक्टर को लिखित शिकायत की जाएगी । साथ ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

-देवेंद्र ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सीहोर

### नहीं दे सकती जानकारी

मैं अभी बाहर हूं, इसलिए इस संबंध में कोई भी जानकारी आपको नहीं दे सकती।

कलावती गड़िरया, खेल प्रभारी

### प्रभारी को किया जा चुका है भुगतान

कबड्डी और बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल हुई टीम की खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं हुआ है इसकी सूचना प्राप्त हुई है। लेकिन खेल प्रभारी कलावती गड़रिया है इसके चलते उसका भुगतान उनके खाते में किया गया है। मुझे सीसीटीवी कैमरे व विद्युत मरम्मत के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं है । इस संबंध में जानकारी लेकर ही कुछ बता पाऊंगी ।

सुनीता यादव, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय

## बैकुंठ चतुर्दशी पर मंदिरों व नदी के घाट पर जलाए दीपक



**नलखेड़ा।** बैकुंठ चतुर्दशी पर नगर में महिलाओं द्वारा मंदिरों व लखुंदर नदी के घाट पर घी के दीपक जलाए गए। बैकुंठ चतुर्दशी का पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है एवं मंदिरों व नदी के घाट पर घी के दीपक जलाए जाते हैं। यह दिन हरि और हर के एकत्व का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-पूर्वक पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### स्कूल में 9 वर्षीय बच्ची की मृत्यु, पुलिस जांच में जुटी

**भैरुंदा।** सोमवार को नगर की निजी में स्कूल में 9वर्षीय लड़की की मृत्यु की घटना सामने आई है। नर्मदा कॉलोनी स्थित नीलकंठ रोड नीलकमल शिक्षा निकेतन स्कूल में अज्ञात कारण से अक्षिता पिता विक्रम राजपूत निवासी हाथीघाट उम्र 9वर्षीय मृत्यु हो गई। भैरुंदा थाना पुलिस ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मार्ग क़ायम कर जांच शुरू कर दी। स्कूल प्रबंधन जगदीश शर्मा का कहना है, स्कूल की छुट्टी के दौरान बालिका स्कुल से बाहर निकली और बेहोश हो गई। उन्होंने बालिका के चेहरे पर पानी छिड़क कर होश लाया और एक घुट पानी पिलाया। इसके बाद उसे सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, मौत का कारण अभी अज्ञात है भैरुंदा थाना पुलिस मामले की जाँच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार माता पिता की इकलौती ही लड़की थी उनका रो रोकर बुला हाल है। बालिका की मौत की खबर सुन कर परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अस्पताल परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने लड़की का पीएम करवा गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

## किसान संघ ने विद्युत समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नलखेड़ा।** नलखेड़ा डीसी के एक भी फीडर पर किसानों को दस घंटे बिजली नहीं मिलने के चलते किसान संघ द्वारा विद्युत कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर 10 घंटे बिजली प्रदाय करने की मांग की है। नियत बिजली नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

मंगलवार को भारतीय किसान संघ द्वारा विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि नलखेड़ा डीसी के एक भी फीडर पर 10 घंटे विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है। बार बार परमिट लिए जा रहे हैं जिसके कारण किसानों को 4-5 घंटे ही बिजली मिल रही है। ज्ञापन में बताया गया कि आज तक मेंटेनेंस नहीं होने के कारण किसानों को थ्री फेस सप्लाई चालू नहीं हो पाई है जबकि इस संबंध में किसान संघ द्वारा लगभग एक माह पूर्व ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था।

ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को एवरेज बिल के नाम पर बड़े बिल थमाए जा रहे हैं जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है। यदि शीघ्र निराकरण नहीं होता है तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जगदीश पाटीदार, आत्माराम पाटीदार, महेश बालाजी, परमानंद पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## जैन समाज में चल रहे आयोजन के अंतिम दिवस नमीऊण अनुष्ठान संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान संपन्न हुई विभिन्न तप आराधना के सात अन्य धार्मिक गतिविधियों के अनुमोदनार्थ पांच दिवसीय स्वर्णिम महोत्सव का आयोजन के अंतिम दिवस मंगलवार को नमीऊण अनुष्ठान संपन्न हुआ।

रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास के 4 माह के दौरान विभिन्न तपस्याएं तथा अन्य धार्मिक गतिविधियां उल्लास के साथ संपन्न हुई। इसके अनुमोदनार्थ चल रहे पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस मंगलवार को उपाश्रय जी में श्री नमीऊण अनुष्ठान रखा गया।




अनुष्ठान के तहत परमात्मा पारसनाथजी की प्रतिमा को विराजित कर अभिषेक तथा पूजन किया गया। साध्वी मंडल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न करवाया गया। अनुष्ठान में मुख्य पीठिका पर बैठने का लाभ राजेंद्रकुमार रविकुमार धवीत सकलेचा परिवार को मिला। जिनके द्वारा परमात्मा का दूध व जल से अभिषेक कर केसर चंदन पुष्प धूप दीप से पूजन की गई। तथा अनुष्ठान के लिए बनाए गए मांडले पर फल नैवेघ अक्षत आदि सामग्री चढ़ाई गई। पूजन के बाद परिवारजनों के साथ समाजजनों द्वारा आरती की गई।

### भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का नगरागमन आज



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का बुधवार सायं 7 बजे नगरागमन होगा। शर्मा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर होने वाली महाआरती में शामिल होंगे। महाआरती के बाद शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक शर्मा मां बगलामुखी के दरबार में जाएंगे एवं सांदीपेंद्र आश्रम पर महामंडलेश्वर सांदीपेंद्र महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लेंगे।

### फंदा हाईवे टोल टैक्स पहुंचे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता

# इज्तिमा में टोल टैक्स फ्री किया तो हिंदू आयोजन के लिए भी करना होगा फ्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आलमी तब्लीगी इजितमा मैं वाहनों से आने वाले लोगों के लिए टोल टैक्स फ्री करने की मांग का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है।

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने इंदौर–भोपाल कॉरिडोर होंडा टोल टैक्स पर पहुंचकर काफी देर तक नारेबाजी की ओर टोल टैक्स प्रबंधन को ज्ञापन देकर आलमी तबलीगी इज़ितमे की तरह पंडित प्रदीप मिश्रा के सभी धार्मिक आयोजन और चिंतामन गणेश मंदिर पर लगने वाले 10 दिवसीय मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को 10 दिनों तक टोल टैक्स में छूट देने की मांग की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने बताया कि 14 से 17 नवंबर तक होने वाले इस्लामिक आयोजन के लिए एम.पी.आर.डी.सी के द्वारा टोल फ्री करने की सूचना मिली है।

उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज एमपीआरडीसी टोल द्वारा एक वर्ग एवं विशेष समाज के लिए टोल फ्री करने को लेकर गंभीर आपत्ति, घोर निंदा एवं विरोध करता है क्योंकि हिन्दू लोगों के लिए उनके आयोजनों पर टोल फ्री करने का निर्णय कभी नहीं लिया गया है। यह केवल एक समुदाय विशेष के लिए किया जा रहा है।

हिन्दू समाज ने कई बार धार्मिक आयोजन जैसे राम नवमी, गणेश उत्सव, नवरात्रि पर हिन्दू समाज के श्रद्धालुजनों को टोल शुल्क देना पड़ता है। विश्व हिन्दू परिषद् एवं हिन्दू समाज के धार्मिक कार्यक्रमों को कोई रियायत नहीं दी जाती है।

हिन्दू समाज एवं विश्व हिन्दू परिषद् इस पक्षपात का घोर विरोध करता है और एमपीआरडीसी टोल देवास–आलमाला और फंदा टोल, दोनों को चेतावनी देता है कि अगर एक विशेष समुदाय के लिए टोल को फ्री कर रहे हैं, तो जब हिन्दू समाज के ऐतिहासिक प्राचीन गणेश मंदिर पर 10 दिन का मेला लगता है और अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की कथा होती है तब भी टोल टैक्स हिंदुओं के लिए फ्री करना होगा। मेला नेशनल लेवल का हिन्दू सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है, तो उक्त सभी हिन्दू समाज को भी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों पर भी हम सनातनियों को आपके टोल द्वारा रियायत विशेष रूप से मिलनी चाहिए।

## दी ऑक्सफोर्ड विद्यालय की टीम जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला बास्केटबॉल संघ सीहोर के तत्वावधान में आयोजित वित्तीय सीहोर जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कोतवाली बास्केटबॉल ग्राउंड, सीहोर में किया गया।

इस प्रतियोगिता में दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

समारोह की मुख्य अतिथि सूबेदार प्राची राजपूत रहीं, जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय की टीम में पांचों खिलाड़ियों हर्षित कुजूर, सौरव राज, अनंत मारन, गौतम पाटीदार एवं अर्पित चंद्रवंशी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम ने यह उपलब्धि विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित शर्मा के मार्गदर्शन में हासिल की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, खेल शिक्षा अधिकारी अत्ताउल्ला खान, आलोक शर्मा, प्राचार्य, आवासीय खेलकूद संस्थान तथा विद्यालय के स्टाफ ने विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर दो कर्मचारी निलंबित

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर दो कर्मचारियों को निलंबित किया, 17 कर्मचारियों का वेतन रोका, एक कर्मचारी की एक वेतन वृद्धि रोकी एवं एक कोटवार पर जांच बैठाने तथा सेवा भूमि वापस ली जाकर पद से पृथक किए के आदेश दिए। साथ ही लंबित शिकायतों का रिव्यू नहीं करने पर तहसीहदार संजय गर्ग को शोकाज नोटिस दिया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन की 50 से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई। 50 दिवस से अधिक 690 शिकायतें लंबित पाई गई। इन शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद नहीं किए जाने पर तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उक्त शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद नहीं हुई। जिन शिकायतों का निराकरण कर दिया गया लेकिन शिकायतें बंद नहीं हुई। इस प्रकार लापरवाही पर बरतने पर कलेक्टर द्वारा संबंधित शासकीय सेवकों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई। शासकीय सेवकों में तहसीलदार संजय गर्ग को कारण बताओ नोटिस को जारी किया गया। वहीं पटवारी उदयनगर पिंकी मुजाल्दे को निलंबित, पटवारी उदयनगर जयंत मलिक को निलंबित किया गया। इसके साथ ही सहायक ग्रेड-03 उदयनगर फ्रांसिस सुल्या का एक वेतन वृद्धि असंचय प्रभाव से रोकी गई। एईजीएम सोनकच्छ संदीप पाटीदार, एईजीएम टोंकखुर्द वंदना रंगवाल, पटवारी टोंकखुर्द मनीष शर्मा, पटवारी मनोज बड़ोदिया, पटवारी बागली महेंद्र चौहान, पटवारी हाटपीपल्या सुदर्शन कजरे, पटवारी सोनकच्छ संदीप रावत, पटवारी देवास शैलेंद्र साहू, राजस्व निरीक्षक देवास रोनक गुप्ता, पटवारी कुमारिया सुनील सोलंकी, पटवारी टोंकखुर्द शंकरलाल पंड्या, पटवारी टोंकखुर्द सुरेश बघेल, पटवारी सिंगावदा विजय तोमर, स्टेनोटाइपिस्ट बागली आयुषी बड़गोत्या, पटवारी कानकुंड प्रियंका दोषी के 02-02 दिवस के वेतन काटा गया।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# एसआईआर कार्य निर्वाचन की तरह ही महत्वपूर्ण, तत्परता व सावधानी से करें

### अल्पावधि ऋण वितरण वसूली की जानकारी नहीं दिए जाने पर संबंधित अधिकारी का दो दिवस का वेतन रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्याम सुंदर सिंह सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिक्षा विभाग के ई-अटेंडेंस पोर्टल की समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि ज्यादातर शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही हैं। जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ई-अटेंडेंस लगाने पर ही शिक्षकों को वेतन दिया जाएगा। ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर उस दिन का वेतन नहीं मिलेगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी कर कार्यवाही करें। उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण करें और शिक्षकों की उपस्थित की जांच करें।कलेक्टर सिंह ने हायर एजुकेशन के सार्थक पोर्टल की समीक्षा भी की। जिसमें पाया गया कि महाविद्यालयों में कई प्रोफेसरों द्वारा सार्थक पोर्टल पर अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है। कलेक्टर ने सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्र में महाविद्यालयों का निरीक्षण करें और प्रोफेसरों की उपस्थित की जांच करें। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि सभी प्रिंसिपल को निर्देश जारी करें कि ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर भी कैसे वेतन दिया जा रहा है। सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जिले में एसआईआर कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अपने अपने कार्य पर लग जाए। एसआईआर कार्य निर्वाचन की तरह ही महत्वपूर्ण कार्य है। सभी तत्परता और सावधानी पूर्वक कार्य करें। कोई भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए। एसआईआर कार्य में बीएलओ का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। बीएलओ घर–घर जाकर फॉर्म बांटने का कार्य करेंगे। जिसमें मतदाता अपनी जानकारी भरकर बीएलओ को वापस देंगे। सभी बीएलओ गहनता से कार्य करें। एसआईआर कार्य के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे सभी भी अपने कार्य पर लग जाए। सभी सुपरवाइजर प्रतिदिन बीएलओ द्वारा किए गए कार्य की मॉनिटरिंग करें। एसआईआर कार्य के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ना, संशोधन और नाम हटाने संबंधी कार्यवाही भी करें। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अल्पावधि ऋण वितरण की समीक्षा कर वसूली की जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान ऋण वितरण वसूली की पूरी जानकारी नहीं दिए जाने पर सिंह ने संबंधित अधिकारी प्रियांश की दो दिवस की सैलेरी काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्प लाइन पर लम्बित शिकायतों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों को निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाइन पर शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कार्यवाही की जाएगी।

# जनसुनवाई में केरोसिन लेकर पहुंचा शिकायतकर्ता

### मकान पर कब्जे के कारण है परेशान



**देवास।** शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई के दौरान आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति केरोसिन लेकर आत्मदाह करने की कोशिश करने पहुंच गया। अधिकारियों और वहां मौजूद लोगों ने समय रहते उसे रोक लिया। यह घटना अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी के सामने हुई। व्यक्ति की पहचान न्यू देवास निवासी जाकिर मंसूरी के रूप में हुई है।

जाकिर ने बताया कि उन्होंने अपना मकान राजेंद्र सिंह राजपूत को 12 लाख 50 हजार रुपये में बेचा था। बयाने में एक लाख रुपये मिले थे, जबकि शेष 11 लाख 50 हजार रुपये तीन महीने में देने की बात कही गई थी। लेकिन 13 महीने बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ और राजेंद्र सिंह ने मकान पर कब्जा कर लिया। इस बात से परेशान होकर जाकिर आत्मदाह की कोशिश करने पहुंचा।घटना के दौरान जाकिर के पास केरोसिन का गैलन था और वह खुद को आग लगाने की बात कह रहा था। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई कर उसे केरोसिन पीने से रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

एडीएम शोभाराम सोलंकी ने बताया कि यह मामला दोनों पक्षों के बीच लेनदेन से जुड़ा है। उन्होंने जाकिर को एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जाकिर को सुरक्षित रखा गया है।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका जैन को अभूतपूर्व विदाई व सम्मान




**चापडा।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर की सहायक शिक्षक रेखा जैन की सेवानिवृत्ति पर उनका सम्मान कर भावभीनी विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि जैन ने इस एक ही विद्यालय में अपना शैक्षिक सेवा काल पूरा किया जो शिक्षा जगत में एक अनुपम एवं अविस्मरणीय उदाहरण है। उन्होंने सन 1988 से 1925 तक लगातार 37 वर्ष अपनी शैक्षणिक सेवाएं इस विद्यालय को प्रदान की। पूर्व बीईओ बागली एवं सांदीपनि विद्यालय करनावद प्राचार्य नारायण भंडोले के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य अनंत नागर की अध्यक्षता में विदाई समारोह संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ, पूर्व शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं जैन के परिजन उपस्थित रहे । सभी वक्ताओं ने जैन की मेहनत, लगन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा त्याग और समर्पण की प्रशंसा की। विद्यालय परिवार की ओर से जैन एवं उनके पति प्रेमचंद जैन का शाल श्रीफल द्वारा सम्मान कर उपहार भेंट किए गए। उन्हें विद्यालय से उनके निवास तक ढोल ढमाको के साथ जुलूस के रूप में विदा किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज न्यास हाटपिपलिया के तत्वावधान में भी विदाई एवं सम्मान समारोह आयकॉन एकेडमी स्कूल कमलापुर में आयोजित किया गया।

# क्षिप्रा बैराज का आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा शहर की जल वितरण व्यवस्था अंतर्गत क्षिप्रा जल आवर्धन बैराज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन के जल आपूर्ति के संबंध मे विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा क्षिप्रा बैराज मे वर्तमान मे जल संग्रहण को देखा गया। कार्यापालन यंत्री जगदीश वर्मा ने अवगत कराया कि बैराज मे पूर्ण क्षमता 494 स्तर तक जल संग्रहित है। बैराज पर 24 घण्टे निगरानी हेतु कर्मचारी तैनात रहते है। हाई अलर्ट पर उज्जैन से सूचना सम्पर्क बना रहता है।बैराज के पानी की मात्रा कम होने पर जलापूर्ति हेतु एनवीडीए से समय समय पर मांग पत्र प्रस्तुत किए जाते है। निरीक्षण मे आयुक्त को अवगत कराया गया कि उद्योगों को बैराज से पानी की आपूर्ति होती है तथा उद्योगों द्वारा पानी लेने का कोई शुल्क का भुगतान नही किया जाता है। इसके पूर्व आयुक्त द्वारा क्षिप्रा जल सयंत्रालय का निरीक्षण किया गया तथा नदी के पानी के फिल्टर प्लांट पर पानी का शुद्धिकरण जलापूर्ति की क्षमता के साथ ही शहर के जल वितरण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जानकारी ली गई। कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी और इंदुप्रभा भारती ने अवगत कराया कि डब्लयु जल संयत्रालय पर जल शुद्धिकरण की व्यवस्था रहती है। आयुक्त द्वारा निरीक्षण मे अमृत योजनान्तर्गत निर्मित हो रहे 30 एमएलडी के सम्पवेल का भी निरीक्षण किया।

# सम्मेलन में श्रुति के काव्य संकलनों 'अर्क' और 'अंधेरे में तारे' काव्य संग्रहों का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, इंदौर के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय लघु कथा सम्मेलन 2025 साहित्यिक सृजन और विमर्श का एक यादगार अवसर बन गया, जब क्षितिज साहित्य संस्था, इंदौर के बैनर तले आयोजित समारोह में देवास जिले में जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी,के पद पर कार्यरत श्रुति गौर तोमर के दो काव्य संकलनों 'अर्क' एवं 'अंधेरे में तारे' का गरिमामय विमोचन संपन्न हुआ। यह आयोजन शिवाजी सभागार, इंदौर में संपन्न हुआ, जिसमें साहित्यिक जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा, "कविता केवल भाव नहीं, वह समाज की आत्मा है। 'अर्क' और 'भोर के तारे' में संवेदना की गहराई और यथार्थ की झलक मिलती है। विशिष्ट अतिथि राकेश शर्मा, वीणा पत्रिका के संपादक, ने कहा कि कथा और किंवदन्तियो के देश भारत में साहित्य की समृद्ध परंपरा रही है और काव्य साहित्य की गहराई है। उन्होंने संकलनों की भाषा, भाव और सामाजिक सरोकारों की सराहना करते हुए कहा, श्रुति गौर तोमर की कविताएँ समय की धड़कन हैं वे पाठक को भीतर तक झकझोरने को मजबूर करती हैं। क्षितिज संस्था के संचालक सतीश राठी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह विमोचन केवल एक साहित्यिक घटना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक संवाद है। लघु कथा शोध केंद्र समिति भोपाल की निदेशक डॉ. कांता रॉय ने संकलनों की रचनात्मकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन कविताओं में स्त्री चेतना, प्रकृति और सामाजिक यथार्थ का सुंदर समन्वय है। श्रुति गौर तोमर की कविताएं समाज को आईना दिखलाने का कार्य करती हैं। श्रुति गौर तोमर ने अपने काव्य संकलनों के लिए स्व. माता पिता मालती विश्व विजय सिंह गौर पति डी पी सिंह, कांता रॉय भोपाल, संजय पठाड़े शेष बैतूल एवं अपने दोनों बच्चों आद्या तोमर एवं ऐश्वर्य राज सिंह तोमर का आत्मिक आभार व्यक्त किया है। विमोचन के अवसर पर उपस्थित साहित्यप्रेमियों, प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ नागरिकों ने संकलनों की प्रतियां प्राप्त कीं और कवयित्री को बधाई दी। 'अर्क' में जीवन की अनुभूतियां हैं, जबकि 'अंधेरे में तारे' में आशा, पुनर्जागरण और संवेदना की कोमल अभिव्यक्ति है।

# ग्राम नयापुरा में पाटीदार समाज ने की नई पहलः पिता की 13वीं पर किया पौधा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पाटीदार समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में हमेशा नई पहल को की जाती रही है। समाज सुधार सहित अन्य उद्देश्यों को लेकर पाटीदार समाज व्दारा नवाचार किए जाते है। ग्राम नयापुरा में पाटीदार समाज द्वारा समाज को नया संदेश देने कदम उठाया गया है। ग्राम नयापुरा निवासी रूपायला परिवार के सदस्य स्व.रामचंद्र पाटीदार के 13 वी के कार्यक्रम में उनके पुत्र मनोहर एवं महेंद्र पाटीदार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए 300 से अधिक पौधों का वितरण किया गया। मंगलवार के दिन स्व. पाटीदार के 13 वी के कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों को एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान भरत पाटीदार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को बढ़ावा देना है। पगड़ी रस्म कार्यक्रम के दौरान सभी मेहमानों को एवं महिलाओं को संकल्प पत्र के साथ पौधों का वितरण किया गया। साथ ही सभी समाज जनों से भी अपील की गई कि अपने-अपने गांव में भी ऐसे कार्यक्रमों में पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे। इस दौरान पंडित संजय शर्मा,एडवोकेट प्रवीण चौधरी, मोतीलाल पटेल, सालगराम पाटीदार, धर्मेंद्र सेंधव, जे के पाटीदार, दिनेश पाटीदार, कैलाश पाटीदार, महेंद्र पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### ग्राम गन्धर्वपुरी में सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही के कारण ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे परेशान

# स्कूल के सामने जमा गंदगी और कीचड़ बन रहा बच्चों की शिक्षा में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ/गन्धर्वपुरी

एक तरफ जहां केंद्र और राज्य सरकारें 'स्वच्छ भारत अभियान' (स्वच्छता अभियान ) को सफल बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, वहीं ग्राम गन्धर्वपुरी में सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही के कारण अभियान की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही हैं। यहां के स्कूल के ठीक सामने कीचड़ और गंदगी का विशाल अंबार लगा हुआ है, जिसने न केवल स्कूली बच्चों, बल्कि शिक्षकों और ग्रामीणों का जीवन भी मुश्किल कर दिया है।

## स्कूल की राह बनी दलदल

हादसे का डर स्कूल के मुख्य द्वार के सामने जमा गंदगी और कीचड़ एक बड़ा खतरा बन चुका है। अभिभावकों ने बताया कि रोजाना छात्र-छात्राओं को इसी फिसलन भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाती है। कीचड़ के कारण बच्चे अक्सर फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोट लगने का खतरा बना रहता है। छोटे बच्चों के लिए यह रास्ता किसी दलदल से कम नहीं है। गंदगी के इस ढेर में मच्छर और कीड़े पनप रहे हैं, जिससे बच्चों में संक्रमण और जलजनित बीमारियो के फैलने का गंभीर अंदेशा बना हुआ है





## गंदगी बनी शिक्षा में बाधा

गंदे कपड़े और शारीरिक चोट के डर से कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनकी शिक्षा बाधित हो रही है। सरपंच-सचिव को आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते समस्या ने विकराल रुप ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार ग्राम सरपंच और सचिव को लिखित आवेदन दे चुके हैं। समस्या के समाधान के लिए बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। हर बार सिर्फ खोखले आश्वासन दिए गए, लेकिन मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। "हम अपने बच्चों को रोज डरते-डरते स्कूल भेजते हैं। कई बार कीचड़ में गिरने से उनकी किताबें और कपड़े गंदे हो जाते हैं। सरपंच-सचिव सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन समस्या वहीं की वहीं है।

## कब जागेगा ज़िम्मेदार तंत्र?

गन्धर्वपुरी के निवासियों ने जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही स्कूल के सामने से कीचड़ और गंदगी को हटाकर रास्ते को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। सवाल यह उठता है कि क्या सरकारी योजनाओं का लाभ दूर-दराज के गांवों तक पहुंच पा रहा है? क्या बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी इतनी गंभीर समस्या पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौन साधकर बैठे रहेंगे? जिला कलेक्टर और संबंधित विभागों को इस मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए ताकि नौनिहालों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र./8149/प्रवा-2/ विवाह पंजी/2025, राजगढ, दिनांक 30/09/2025

**विज्ञप्ति**

आवेदक श्री राजाबाबू पिता मांगीलाल जाति गुसाई (अ.पि.वर्ग) निवासी ग्राम सिराडी तहसील श्यामपुर जिला सीहोर मप्र एवं आवेदिका पायल अहिरवार पिता पन्नालाल अहिरवार जाति चमार (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम सादनखेडी तहसील कालापीपल जिला शाजापुर मप्र के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 30/10/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### एक राय होकर घर में घुसे, युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेवनी के नकवाना निवासी कल्लू पुत्र हरलाल लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 19 अक्टूबर को शाम करीब 5.30 बजे वह घर में था, जहां गांव के मौसम पुत्र मन्नू रजक उसके घर में मौजूद था और जब उसने पूछा कि वह उसके घर क्या कर रहा है तो मौसम वहां से भाग गया। कुछ समय पश्चात गांव के श्रीराम पुत्र कुंजी, मन्नू पुत्र श्रीराम, मोहिनी पत्नी अनिल, कमला पत्नी श्रीराम उसके घर में घुस आये और उससे मौसम को गालियां देने की बात कहते हुये हमला कर दिया। आरोप है कि हाथ-पैर व लात-घूसों के अलावा फावड़े से किये गये हमले में वह घायल हो गया। शोरगुल होने पर बचाव करने पहुंचे उसके भाई के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से श्रीराम पुत्र कुंजी रजक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के विवेश, कल्लू लोधी पुत्रगण हरलाल लोधी आये और बिना कारण जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये मारपीट करने लगे। मारपीट करते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। बचाव करने आये पुत्र मन्नू, नाती मौसम, नातिन मोहिनी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने श्रीराम की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक से टक्कर मारकर किया घायल, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र व हाल मोहल्ला जुगपुरा निवासी ऋषि पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 6 सितम्बर की सुबह 10 बजे वह बाजार से अपने घर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में स्टेट बैंक के पास सामने से आ रहे बाइक सं. यू.पी.94 जे 0922 के चालक मोहल्ला चांदमारी निवासी विकास वर्मा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह मौके पर गिर गया और उसकी पैर की अंगुली व पंजे में फैक्चर आ गया। जब घायल ने विकास से उपचार कराने की बात कही तो उसने घायल को अस्पताल तक पहुंचाया और छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विकास वर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### आधार कार्ड संशोधित कराने गए पिता-पुत्र से होमगार्ड ने की मारपीट

**ललितपुर।** आधार कार्ड संशोधन कराने पहुंचे लोगों से मारपीट कर रहे होमगार्ड से मारपीट कर रहा था, इसकी वीडियो बनाने पर होमगार्ड ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर होमगार्ड पर रुपये भी मांगने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र एडीएम को दिया गया है, जिसमें एडीएम ने सीओ महरौनी व एसएचओ सौजना को जांच कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। ग्राम सौजना निवासी सुरेश पुत्र हिम्मत ने एडीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार को अपराह्न करीब 1 बजे बलराम उर्फ बल्लू किसरदा निवासी होमगार्ड है, जो कि महरौनी में तैनात है। बताया कि उक्त होमगार्ड किसी व्यक्ति की आधार कार्ड बनाने के दौरान मारपीट कर रहा था। जब उसके पुत्र रवि को उत्तेजित होकर गालियां दी और मारपीट करने लगा। जब वह पुत्र को बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि बिना किसी कारण के होमगार्ड रुपये भी वसूल रहा था। आरोप है कि होमगार्ड ने पीड़ित द्वारा बनायी गयी को वीडियो वायरल करने पर जान से मारने की धमकी दी।

### दस हजार का इनामिया जाखलौन पुलिस ने धरा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में जाखलौन पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये के इनामिया 01 वांछित अभियुक्त ग्राम जामुनधाना कलां निवासी डैनी राजा उर्फ राजा परमार पुत्र कलेक्टर राजा को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बतायाकि डैनी राजा के खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन से अधिक मामले भी दर्ज हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को जागरूक भी किया और कार्यवाही भी की

# डेसिबल मीटर से प्रेशर हॉर्न/अवैध हूटर्स पर कसा यातायात महकमे ने शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले में यातायात माह नवम्बर के चौथे दिन मंगलवार को डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में शहर भर में प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटरों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने अपने साथ टीएसआई अब्दुल नफीस, टीएसआई साकेब हाशमी के साथ शहर के विभिन्न चौराहों पर जांच करते हुये ऐसे वाहनों को चिह्नित कर लोगों को जागरूक भी किया और कार्यवाही भी की।

यातायात पुलिस ने प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर्स के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए डेसिबल मीटर का उपयोग करके ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया है। इसका उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया जा रहा है और उन्हें भारी जुर्माने के साथ-साथ हॉर्न को मौके पर ही जब्त किया जा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम, 2019 के तहत प्रेशर हॉर्न लगाना गैरकानूनी है और इसके लिए भारी जुर्माना हो सकता है। डेसिबल मीटर का उपयोगः पुलिस ध्वनि स्तर मापने के लिए डेसिबल मीटर का उपयोग कर रही है। जुर्माना, ऐसे वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। हॉर्न जब्त, दोषी वाहनों के हॉर्न को मौके पर ही जब्त किया जा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, 2019 के तहत प्रेशर हॉर्न लगाना एक अपराध है। अन्य दंड, जुर्माना, वाहन जब्ती और कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है।

#### कार्यवाही के पीछे का कारण

ध्वनि प्रदूषण, प्रेशर हॉर्न और अन्य अवैध हूटर्स अत्यधिक शोर उत्पन्न करते हैं जो ध्वनि प्रदूषण का कारण बनता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य पर असर, यह शोर लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और सुनने की क्षमता को भी नुकसान पहुंचा सकता है। अवैध मॉडिफिकेशन, यह एक अवैध मॉडिफिकेशन है जिसे सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए हानिकारक माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकारों को अनाधिकृत हूटर और स्ट्रोब लाइट पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। यह अभियान ध्वनि प्रदूषण को कम करने और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

### भैंस को पानी पिला रहे युवक को दी गालियां

**ललितपुर।** स्टेट बैंक के पीछे रहने वाली राजकुमारी पत्नी रामचरण कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका नाती नीरव अपने घर पर पालतू भैंसों को पानी पिला रहा था। तभी अचानक से शहनाज बानो उर्फ संजना सिंह, उसकी पुत्री व एक अज्ञात व्यक्ति साथ में आया और नाती से भैंस को अलग करने की बात कहते हुये सड़क किसी के बाप की नहीं है कहा। नाती ने भैंस को हटाने की बात कही, इस पर शहनाज ने साथ में मौजूद अज्ञात लड़के से लोहे की रॉड उठाकर लाने की बात कहते हुये गालियां दीं। विरोध करने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रास्ते में रोककर युवक से मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी मोहन पुत्र फूलचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार की रात करीब 9 बजे जब वह हाई-वे से घर जा रहा था कि तभी रास्ते में कलू पुत्र खुशीलाल यादव ने उसे रास्ते में रोक लिया और गालियां देने लगे। गालियां देने से मना करने पर कलू ने उसकेसाथ मारपीट करते हुये पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट लग गयी और कान से खून आने लगा। वहीं हाथ-पैरों में भी चोटें आयीं हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे संजू पुत्र काशीराम, बालकिशन व अभिषेक के साथ भी कलू व उनके भाई पहाड़सिंह व मौन सिंह पुत्रगण खुशीलाल ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### ललितपुर-रजखौरा-तालबेहट मार्ग मंजूरी

# सीएम के नेतृत्व में सड़क विकास नई दिशा की ओरः विधायक सदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ललितपुर जनपद की एक महत्वपूर्ण परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना में ललितपुरझजखौराझतालबेहट मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग संख्या 53(बी)) के किमी 1 से 20 (390) तक के भाग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 46,82,83,000/- (छियालिस करोड़ बयासी लाख तिरासी हजार रुपये मात्र) की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति न केवल सड़क निर्माण का प्रशासनिक निर्णय है, बल्कि ललितपुर जनपद के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस परियोजना में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की पहल और भूमिका महत्व रही है विधायक ने बताया की जब उनकी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी से भेंट हुई थी तब इस महत्वपूर्ण जन समस्या पर शासन का ध्यान आकर्षित किया और मुख्यमंत्री से इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए आर्थिक मदद का प्रस्ताव पेश किया उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ललितपुरझजखौराझतालबेहट मार्ग (लंबाई लगभग 19.390 किलोमीटर) जनसंचार का प्रमुख माध्यम है। यह मार्ग ग्रामीण, शहरी, वाणिज्यिक और कृषि क्षेत्रों को जोड़ता है। वर्तमान में मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिससे आम जनता, विद्यार्थियों, किसानों एवं व्यापारियों को भारी कठिनाई हो रही है। अतः इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु शासन से तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि तीन दिवस के भीतर परियोजना का परीक्षणोपरांत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया।

#### परियोजना का सारांश

1 परियोजना का नाम ललितपुरझजखौराझतालबेहट मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग संख्या-53(बी))
2 कार्य का स्वरूप चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
3 लंबाई किमी 1 से 20 (390)
4 स्वीकृत धनराशि 46,82,83,000/-
5 वित्तीय वर्ष 2025झ26
6 विभाग लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश
7 अनुमोदन की तिथि 10 अक्टूबर 2025

यह स्वीकृति मेरे क्षेत्र की जनता के हित में मुख्यमंत्री द्वारा दी गई एक ऐतिहासिक सौगात है। यह मार्ग न केवल ललितपुर, जखौरा और तालबेहट के बीच यातायात का मुख्य माध्यम है, बल्कि बुन्देलखण्ड के आर्थिक और सामाजिक जीवन की धड़कन भी है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

### शहर में पैदल गश्त निकाला

# देर रात डीएम और एसपी ने पैदल मार्च कर जांची सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने सदर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत शहर भर में पैदल गश्त कर भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान शहर क्षेत्र में व्यापारियों व आमजनमानस से संवाद कर रोड़ पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया गया।

थाना कोतवाली क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर लगे पिकेट व डायल-112 पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्वाइंट स्थलों की जांच की गयी। मौके पर डीएम-एसपी ने दो व चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर वाहन चालकों को हेल्मेट, सीट बेल्ट लगाने के लिए भी जागरूक किया। पैदल गस्त के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों व आमजन से संवाद कर रोड़ पर अवैध अतिक्रमण को स्वेच्छा से हटाने हेतु कहा, जिस पर व्यापारियों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की सहमति देते हुये प्रशासन के इस अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। डीएम-एसपी ने थाना, चौकी प्रभारी कोतवाली व यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमणों को हटवाएं और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखें। कहा कि अतिक्रमण न केवल आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न करता है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाता है। अधिकारियों ने छोटे दुकानदारों एवं ठेला-रेहड़ी वालों को सड़क से किनारे निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं थाना/चौकी प्रभारी कोतवाली को रात्रि में नियमित रूप से संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया।

यातायात प्रभारी को शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों पर, दो व चार पहिया वाहन चालकों की नियमति रूप से चैकिंग कर, वाहन चालकों, आमजनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक कर यातायात नियमों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### तहसील स्तरीय सक्रियता पर विमर्श

# उपजा की बैठक में संगठन के विस्तार पर हुई चर्चा

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश जनरलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उपजा की जिला इकाई की बैठक ग्राम रजवारा में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, तहसील स्तर पर सक्रियता, नई सदस्यता तथा जिम्मेदारियों के निर्धारण पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष धर्मसिंह ने की। मुख्य अतिथि मनोज तिवारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने कपिल पुलैया, पीयूष अवस्थी और अनुराग कुशवाहा को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। तहसील अध्यक्ष ने प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। कहा कि पत्रकारिता को निष्पक्ष रखते हुए संगठन को मजबूत बनाना प्राथमिक लक्ष्य है। वक्ताओं ने कहा कि



पत्रकारिता को किसी भी राजनीतिक दायरे से ऊपर रखकर जनता की आवाज बनना ही सच्चे पत्रकार का कर्तव्य है। जिला संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति पर भी सहमति बनी।

संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पत्रकार हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### हजूर साहब नांदेड़ के ज्ञानी जत्थे ने किया कीर्तन कथा से निहाल

# गुरु नानक देवजी का प्रकाश पर्व आज

**ललितपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वाधान में चल रहे गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व की खुशी में आज दसवें दिन हजूर साहब नांदेड़ से पधारे ज्ञानी गुरबचन सिंह ने गुरबाणी कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव अपितु सिखों के ही नहीं सब धर्म के गुरु थे। उन्होंने उपदेश दिया था कि अवल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे एक नूर ते सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे यानी कि हम उसे ईश्वर की उस भगवान की संतान है हम नीचे आकर धर्म में बट गए हैं ऊपर से तो हम इंसान बनकर ही पैदा हुए हैं। इस दौरान निशान साहिबजी के चोले की सेवा सरदार मंजीत सिंह, परविंदर सिंह सलूजा व सरदार मनिंदर सिंह मंगे परिवार द्वारा हुई। लंगर की सेवा स्त्री साध संगत व सुरजीत सिंह काके द्वारा हुई। गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व पर सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब का समापन सरदार मनिंदर सिंह द्वारा होगा। उपरांत ज्ञानी दलजीत



सिंह व ज्ञानी ईश्वर सिंह ने गुरबाणी कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे। उपरांत हजूर साहिब नांदेड़ से पधारे रागी जत्था ज्ञानी गुरबचन सिंहजी द्वारा गुरुबाणी कीर्तन सुबह व शाम को भी होगा। रात में भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन भी होगा। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, चरणजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, मनिंदर सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया आदि मौजूद थे।

# युवा उत्सव-सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विज्ञान मेला के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जनपद स्तरीय युवा उत्सव-सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विज्ञान मेला के आयोजन की समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नन्दित कुमार, प्रति० बेसिक शिक्षा अधिकारी, आकाश वर्मा, सह जिला विज्ञान अधिकारी, सिद्वार्थ, प्रवक्ता राजकीय पॉलिटेक्निक ललितपुर, अनूप कुमार, फोरमैन राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, राहुल जैन, प्रति० जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०८० अधिकारी कार्यालय के सम्बन्धित स्टाफ उपस्थित रहें।

बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों को बैठक के एजेण्डा विकासित भारत यंग लीडर डायलॉग (वी०बी०वाई०एल०डी०) 2026 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव की रूपरेखा से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में 1-डिक्लेमेशन 2-कहानी लेखन 3-पेटिंग 4 लोकनृत्य (समूह) 5-लोकगीत (समूह) 6-कविता लेखन 7- इन्वोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी गयी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कलाकारों की प्रतिभागिता सुनिश्चित





करायी जायें। इसके लिए अच्छे बालक या बालिकाओं के चयन हेतु प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर को नोडल नामित किया जाता है। इनके द्वारा अन्य विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कलाकारों को प्रतिभाग कराया जायेगा। आयोजन समिति में चर्चा के उपरान्त आयोजन तिथि 06.11.2025 को स्थल राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर में समय प्रातः 11.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक निर्धारित किया गया। विद्यालय / महाविद्यालय के कलाकारों की प्रतियोगिता विद्यालय / महाविद्यालय के कलाकारों मध्य ही होगी। अन्य क्षेत्रीय कलाकारों की प्रतियोगिता अन्य क्षेत्रीय कलाकारों के मध्य ही होगी। दोनों प्रकार की प्रतियोगिता सम्पन्न होने के उपरान्त मण्डल स्तर पर प्रतिभाग हेतु सभी कलाकारों के बीच से निर्णायक समिति द्वारा उत्कृष्ट कलाकारों का चयन किया जाएगा।

इन्हीं कलाकारों को मण्डल स्तर पर भेजा जाएगा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है कि बैनर काफी बडे साइज का बनवाया जायें। सभी विधाओं में विद्यालयों एवं अन्य क्षेत्र के कलाकारों में पृथक-पृथक प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें। जनपद स्तर पर जनपदीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रतिभागिओं के प्रतिभाग के लिये विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर अच्छे प्रतिभागिओं का चयन कर लिया जायें। इस हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों को पृथक से पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से निर्णायकों का चयन करते हुए उन्हें समय से अवगत कराये जिससे युवा उत्सव कार्यक्रम समय से सम्पन्न कराई जा सकें।

### सोनाली जैन ने तुवन मंदिर प्रांगण से ली शपथ

# 'शहर के विकास को गति प्रदान करूंगी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


नगर पालिका परिषद की अठारहवीं अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनाली जैन को सिद्धक्षेत्र श्री तुवन मंदिर के विशाल प्रांगण में पद व गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष को मंच से शपथ उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने दिलायी। उन्होंने अपने संबोधन में शहर के विकास को चहुंमुखी करने के साथ-साथ तेज गति से करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस दौरान सिद्धपीठ श्री चण्डी मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी जी महाराज, सिद्ध क्षेत्र श्री सर्वेश्वरधाम के महन्त जगदगुरू कृष्णगिरी महाराज, महामण्डलेश्वर गिरीश बाबा के अलावा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल, क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी रमा निरंजन, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, प्रताप नारायण दीक्षित, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, राजाराम गोस्वामी, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन चूना, गंधर्व सिंह लोधी, रमेश कुमार सिंह, बब्बू राजा, मनोज खटीक, अनुराग जैन शैलू, चन्द्रशेखर पंथ, कोस्तुभ चौबे, गोविन्द नारायण रावत एड., मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला, मुन्नालाल जैन आदि मौजूद थे।

# बिरसा मुण्डा 150वीं जयंती : विहान आवासीय विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत चल रहे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के महान प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, श्रम विभाग के वित्त पोषित समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में 1 से 15 नवंबर तक विविध कार्यक्रमों की एक भव्य श्रृंखला का शुभारंभ हुआ है। इस जनजातीय गौरव बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं में राष्ट्रभक्ति, आत्म-गौरव और समाज सेवा की भावना को प्रज्वलित करना है।

रंगारंग प्रतियोगिताओं में बनाए



आकर्षक पोस्टर

कार्यक्रम श्रृंखला का आगाज विद्यालय की होनहार छात्राओं द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता से हुआ। छात्राओं ने रंगों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा का आकर्षक पोस्टर बनाया और चित्रों के माध्यम से उनके जीवन संघर्ष, जंगलों की आजादी की लड़ाई और आदिवासी गौरव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता और कला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के जरिए उन्होंने बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष, समाज सुधार के संदेश और आदिवासी समाज के योगदान को अपने शब्दों और चित्रों के माध्यम से बखूबी व्यक्त किया।

**शिक्षकों ने बिरसा मुंडा के जीवन से कराया अवगतः**इस दौरान विद्यालय की वार्डन सावित्री ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय से बच्चों को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही, हिंदी शिक्षिका अंकिता, विज्ञान शिक्षिका जागृति, गणित शिक्षिका आकांक्षा, शारीरिक शिक्षिका प्रियंका, कम्प्यूटर शिक्षिका अभिलाषा तथा लेखाकार नेहा ने भी बच्चों को बिरसा मुंडा के महान योगदान और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी।

## 12-13 कर्मचारियों के सालों से वेतन आहरण की जांच नहीं हो पाई 5 दिनों में पूरी

# आउटसोर्स में उलझा वेयरहाउस जिला प्रबंधक हुए निरुत्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

12 आउटसोर्स कर्मचारियों के सालों से निकाले जा रहे वेतन पर घिरा ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधन जवाब देने में भी असमर्थ नजर आ रहा है। पिछले 5 दिनों से जांच में जुटी राजगढ़ टीम अभी भी खाली हाथ ही नजर आ रही है। ऐसे में समझा जा सकता है कि या तो मामला बहुत बड़ा है या फिर सभी लोग मिलकर कुछ छुपाना चाह रहे हैं। वर्ना जांच टीम के आने के बाद भी 5 दिनों में कुछ परिणाम निकल कर न आए यह संभावना कम ही होती है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने सबसे पहले प्रमुखता के साथ वेयरहाउस ब्यावरा में आउटसोर्स घोटाले को उजागर किया था, जिसमें कलेक्टर के जांच आदेश को ठंडे बस्ते में डालने की बात को प्रकाशित किया गया था। वही बात आज भी है कि जांच टीम ही जांच नहीं कर पा रही इससे बड़ी बिडम्बना क्या होगी।

### अगस्त से मात्र 12 कर्मचारी कर रहे काम

जहां सालों से वेयरहाउस में आउटसोर्स के नाम पर 23 से लेकर 24 कर्मचारियों के नाम दर्ज थे जिनमें से 12 कर्मचारी ही उपस्थित होते थे। बाकी का सिर्फ वेतन निकाल कर सरकार को चूना लगाने व आउटसोर्स कंपनी को लाभ पहुंचाने का काम ब्यावरा वेयरहाउस के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था। परंतु अगस्त 2025 में दबाव बढ़ता देख प्रबंधक ने आउटसोर्स की संख्या 12 कर दी जिनके नाम - नरेन्द्र सिंह, रोडजी दांगी, विजयपाल सिंह, रामबाबू, संदीप सौंधिया, बनेसिंह, श्याम सुंदर, राजेश मेर, शैलेन्द्र सिंह, जतिन वर्मा, घनश्याम दांगी और साची वर्मा हैं। प्रबंधन ने हटाने के पीछे का कारण भी बताया कि जैसे गोदाम खाली होते जाएंगे बैसे ही कर्मचारियों की संख्या कम होती जाएगी परंतु पूर्व के सालों में ऐसा क्यों नहीं किया गया।

### दोषी कटघरे में आएंगे या क्लीन चिट पाएंगे

जिस तरह से जांच टीम का ढुलमुल रवैया दिख रहा है उससे तो स्पष्ट समझा जा सकता है कि ज्यादा कुछ होना जाना नहीं है फिर भी अंतिम निर्णय तो जांच टीम का ही होगा। अब देखना यह है कि जांच टीम सरकारी खजाने में लूट मचाने वालों में शिवमान सिंह व उनके साथयों को कटघरे में खड़ा करती है या फिर क्लीन चिट।


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमितता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

हरिभूमि लगातार

**इनका कहना है...**

खबर लिखे जाने तक भी जांच चल ही रही थी। पूछे जाने पर जिला प्रबंधक ने कुछ बताने से इंकार करते हुए जांच चलने की ही बात कही।

बीडी सगर
जिला प्रबंधक वेयरहाउस राजगढ़

## टीएल बैठक में लापरवाहियों पर तल्ख रुख में नजर आए कलेक्टर

# एपीओ पर जुर्माना, जेएसओ और पंचायत सचिव की वेतनवृद्धि रोकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं में लापरवाही पर कलेक्टर ने कुछ कर्मचारियों पर जहां जुर्माना अधिरोपित किया, वहीं जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सहित एक पंचायत सचिव की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए हैं।

कुछ शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण न किए जाने पर कलेक्टर ने जेएसओ एवं पंचायत सचिव की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह एक एपीओ मनरेगा पर 2 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। इसी तरह चाटूखेड़ा के पास पोल शिफ्टिंग प्रकरण में लापरवाही पर एसडीओ एवं पीडब्यूडी विभाग के कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। मुख्यालय स्थित नेवज नदी पर स्थित छोटी पुलिया पर हुए गड्ढों के शीघ्र मेंटनेन्स के निर्देश भी पीडल्यूडी के अधिकारियों को प्रदान किए गए।

### बाल-विवाह रोकथाम हेतु अलर्ट मोड पर रहें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बाल विवाह रोकथाम पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सभी अधिकारी इस दिशा में सजग रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, पंचायत सचिवों को सक्रिय रखा जाए और किसी भी बाल विवाह की सूचना पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने भावांतर योजना की भी समीक्षा की और कृषि विभाग से पूछा कि कितने किसानों के खातों में राशि पहुंची, कितनी लंबित प्रविष्टियां हैं और फेल पेमेंट के कारण क्या हैं। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और अपडेट की आवश्यकता बताई। बैठक में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं पुस्तक वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, भावान्तर योजना, सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों को लेकर भी कलेक्टर ने कईं अहम निर्देश प्रदान किए।

वार्ड 4 के रहवासियों ने प्रशासन से की थी मांग

# नपा व पुलिस ने पुराने बस स्टैंड से हटाया अस्थाई मटन मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय पुराने बस स्टैंड पर प्रशासन द्वारा निर्धारित टीनशेड के नीचे नॉनवेज की दुकानें संचालित न करते हुए बाहर मटन मार्केट संचालित करने वाले को सोमवार शाम नपा और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से हटाते हुए परिसर खाली करवा दिया।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 4 की पार्षद सरोज कटारिया द्वारा इस बारे में नगर पालिका एवं जिला प्रशासन से शिकायत की थी। वार्डवासियों ने बताया कि पुराने बस स्टैंड पर खुले में लग रही इन दिनों से उठने वाली दुर्गंध और गंदगी से आसपास के दुकानदारों, यात्रियों सहित राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पार्षद सरोज कटारिया ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया, जिसके बाद नगर पालिका और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कदम उठाया। उन्होंने कहा यह स्थान शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है। यहां स्वच्छता और सौंदर्य दोनों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। प्रशासन की कार्रवाई से नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।



### वर्षों से यहीं संचालित होती थी शराब दुकान

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पुराने बस स्टैंड परिसर में संचालित शराब दुकान को हटवाने में पार्षद एवं रहवासियों की अहम भूमिका रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नपा प्रशासन इस स्थान का उचित उपयोग करे तो छोटे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए सुविधाजनक साबित होगा।

## सिविल हॉस्पिटल में एक साथ जन्मी तीन बेटियां, परिवार और स्टाफ ने जताई खुशी






ब्यावरा। सिविल हॉस्पिटल में सोमवार की सुबह खुशियों का माहौल उस वक्त बन गया जब एक ही प्रसूता ने तीन बेटियों को जन्म दिया। हॉस्पिटल स्टाफ और परिजनों ने इस अनोखी घटना पर खुशी जताई। जानकारी के अनुसार नगर के समीपवर्ती गांव छत्री महिला पूजा सौंधिया उम्र 23 साल ने रविवार-सोमवार की रात को तीनों बेटियों को जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवारजन सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में सुरक्षित प्रसव कराया गया। प्रसूता ने एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया। परंतु कुछ समय के बाद तीसरी नंबर पर जन्मी बेटी को नहीं बचाया जा सका। दोनों बेटियों और मां को रात 2 बजे रेफर कर दिया।

# एमपीयूडीसी कार्यालय के सामने धरना अधिकारियों ने 10 दिन का समय दिया

**कुरावर।** नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई अन्य पार्षदगणों के साथ सोमवार दोपहर 01 बजे भोपाल पहुंचकर एमपीयूडीसी कार्यालय के सामने धरना दिया तथा दस दिनों में समस्याओं का हल न हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले की कुरावर नगर परिषद में पिछले तीन महीनों से नलजल योजना बंद पड़ी है कुरावर की ये नल-जल (जल आवर्धन) योजना को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, महिला पार्षद मंजू बाई सहित सभी 15 पार्षदों ने सोमवार को एकजुट होकर भोपाल स्थित एमपीयूडीसी (डच्न्क्ब) कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया है। इस दौरान अर्बन डेवलपमेंट के अधिकारीयों ने 10 दिन का समय दिया है जिसपर चन्द्रवंशी सहित अन्य पार्षदों उक्त समय अवधि में सभी समस्यों का हल नही हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई एवं उपाध्यक्ष वंदना तरु राजपूत, पार्षद अनिल दरबार, बद्री प्रसाद कुशवाहा, कमल दला, दिलीप बना, डॉ रविंद्र मीना, राजू चैकसे, राजकुमार मीणा, राजेश मीणा, सचिन गिरी, मोहन वर्मा, राजेश पटेल, रमेशचंद्र मालवीय, बिंदु चौहान, वरिष्ठ नागरिक रमेश वर्मा, लक्ष्मण सिंह राणा, जेपी वर्मा, मनीष सक्सेना, मुकेश चंद्रवंशी, आदि उपस्थित रहे।



# महादेव मंदिर पर लगने वाले कार्तिक मेले का अपना महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

परिवर्तन के इस दौर में जहां वर्तमान समय में भी पुरानी परंपराओं का निर्वहन बखूबी कायम है। भारतीय संस्कृति प्राचीनतम धार्मिक स्थल जहां के रीति रिवाज आस्था के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। अक्सर यहां पर देखने में आता है कि जो परंपराएं अपने पीछे विशेष महत्व रखती हैं उनका बखूबी धार्मिक आस्था से जुड़कर निर्वहन हो रहा है। नगर का शिवशंकर ताल मेला सहित क्षेत्र के बांगपुरा गांव स्थित छापीश्वर महादेव परिसर में एवं समीपवर्ती गांव ताखला स्थित ऐतिहासिक प्रसिद्ध महादेव मंदिर पर लगने वाले कार्तिक मेले का अपना अलग महत्व है। इन स्थानों पर कार्तिक पूर्णिमा पर मेले का आयोजन होता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। वही कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का इन स्थानों पर विशेष महत्व है, जहां पर लोग श्रद्धा भाव से स्नान कर महादेव के दर्शन पूजा अर्चना करते हैं यह परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। नगर के छापी बांध स्थित महादेव मंदिर पर शिव शंकर लाल मेला की शुरुआत 1973 में हुई थी जो नगर परिषद के तत्वावधान में आयोजित होकर विशाल रूप में मेला भरता है।



### मंदिर परिसर के बगल में धुनी स्थित है

नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध छापीश्वर महादेव का विशाल मंदिर छापी नदी के मध्य स्थित है, जहां की विशेषता यह है कि पुराने समय में मंदिर परिसर के आसपास छापी नदी में शीला (पत्थर) तैरती रहती थी जिसका इतिहास बुजुर्ग लोग अभी भी बताते हैं, छापी नदी के मध्य स्थित महादेव बारिश में जलमग्न रहते हैं यह दृश्य अपने आप में अलौकिक होता है, यहां पर पूर्णिमा के दिन मेले का आयोजन होता है वही मंदिर परिसर के बगल में धुनी स्थित है जहां पर बारहमास धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं। ताखला गांव स्थित महादेव मंदिर तीन नदियों के संगम पर स्थित है जहां का मेला सुसनेर सहित जीरापुर छापीहेड़ा क्षेत्र तक प्रसिद्ध है।

# कलचुरी समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती, 13 वर्ष बाद हुआ आयोजन




**नरसिंहगढ़।** कलचुरी समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शिवहरे धर्मशाला में किया गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजूलता शिवहरे ने की। भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना फूलमाला पहनाकर तथा शाल व श्रीफल अर्पित कर की गई। इस मौके पर समाजजनों ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्म की रक्षा के लिए महाभारतकाल में अपनी शक्ति का परिचय दिया था। उन्होंने रावण को युद्ध में परास्त कर भक्ति और वीरता का संदेश दिया। इसी प्रेरणा के साथ समाज ने शिक्षा, संगठन और प्रगति को अपना लक्ष्य बताया।

समाज प्रतिनिधियों ने बताया कि 13 वर्ष बाद नरसिंहगढ़ में यह आयोजन होना ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सारंगपुर नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, नपाध्यक्ष कविता लोकेंद्र वर्मा, मोहन शिवहरे, दीनदयाल शिवहरे और किशन लाल जायसवाल सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य विनोद शिवहरे, रमेश मालवीय, युवा कलचुरी समाज अध्यक्ष राहुल शिवहरे, प्रेमनारायण शिवहरे, विष्णु जायसवाल, गोपाल वर्मा, देव प्रकाश वर्मा, रामेश्वर शिवहरे, संदीप शिवहरे, सुनील शिवहरे, दिनेश शिवहरे, कमलेश जायसवाल, विनोद जायसवाल और कन्हैया लाल मालवीय सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## पांचों अनुभागों के एसडीओपी, टीआई, सायबर सेल के समन्वित प्रयासों से मिली सफलता

# वारंट तामीली अभियान में सफलता, 570 वारंट किए तामील





हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़-ब्यावरा

जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा न्यायालयीन आदेशों का समय पर पालन सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से राजगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष वारंट तामीली अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इस पूरे अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने राजगढ़, ब्यावरा, सारंगपुर, नरसिंहगढ़ एवं जीरापुर के एसडीओपी सहित 20 थानों के थाना प्रभारी एवं 1 हजार से अधिक पुलिस बल ने संयुक्त रूप से अंजाम देकर सफलता पाई। पूरे अभियान जिला सायबर सेल टीम ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के तहत न केवल प्रत्येक थाना क्षेत्र में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा कर विशेष तामीली टीमें गठित की गईं बल्कि इन टीमों ने सतत निगरानी रखते हुए दिन-रात अभियान चलाया और जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में वारंटों की तामीली की। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे जिले में कुल 570 वारंट तामील करवाए गए हैं जिनमें गिरफ्तारी वारंट 255, स्थाई वारंट 300 एवं वसूली वारंट 3 शामिल थे। उद्धघोषित 8 फरार आरोपी जो गिरफ्तार किए गए जिनमें गंभीर मामलों के 2 अपराधी शामिल हैं। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व तथा सभी अनुविभागीय अधिकारियों, थाना प्रभारियों और सायबर सेल टीम के समन्वित प्रयासों से जिलेभर में संचालित किया गया।

### यह था अभियान का उद्धेश्य

न्यायालयों से लंबित गिरफ्तारी वारंट, स्थायी वारंट एवं उद्घोषित आरोपियों की तामीली कराना तथा फरार अपराधियों को गिरफ्त में लेकर न्यायिक प्रक्रिया को गति प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा। साथ ही जनता में कानून के प्रति विश्वास और अपराधियों में कानूनी भय की भावना स्थापित करना भी इस अभियान का मुख्य लक्ष्य रहा।

### अभियान का संचालन

इस सफलता के पीछे सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सायबर सेल टीम का अथक परिश्रम, समर्पण और समन्वयपूर्ण कार्य रहा। उनके निष्ठावान प्रयासों से जिले में न्यायालयीन आदेशों के क्रियान्वयन में नई गति आई है तथा कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक तोलानी ने कहा कि जिले में लंबित वारंटों की तामीली हेतु चलाया गया यह विशेष अभियान, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजगढ़ पुलिस न्याय की रक्षा एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## पुरस्कार से नवाजी गईं युवा उत्सव में शामिल हुईं जिले की प्रतिभाएं



**राजगढ़।** 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन स्थानीय इण्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस युवा उत्सव में जिले से लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सम्मिलित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।

भाषण विधा में प्रथम स्थान पर जेन्स अस्टिन, द्वितीय स्थान पर ओम कुम्भकार एवं तृतीय स्थान ऐश्वर्या सागर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर प्रयाग शाक्यवार, द्वितीय स्थान पर अदिति भिलाला एवं तृतीय स्थान पर ईशिता मेवाड़े ने प्राप्त किया। पेंटिंग में प्रथम स्थान पर पूजा सोनी, द्वितीय स्थान पर अमृतापाल एवं तृतीय स्थान पर लोकेश प्रजापति रहे। कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर टीना विश्वकर्मा, द्वितीय अपर्णा सिंह खींची एवं तृतीय स्थान श्रेयाशी सिंह डाबी ने पाया। कविता लेखन में तमन्ना राव, दिव्या दांगी, अनुष्का शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। लोकगीत में प्रथम स्थान पर पचोर ग्रुप, द्वितीय स्थान पर लोकराग संगीत एवं तृतीय स्थान स्वामी विवेकानंद ग्रुप रहा।